केन्द्रीय सरकार के पास स्वीकृती के लिए भेजे हैं और इस जिले में 10 अन्य जलाशय योजनाएं भी हैं;

(ख) क्या गिरिडीह जिले के औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र में कृषि विकास के लिए सिंचाई की यह महत्वपूर्ण योजना है; और

(ग) यदि उपरोक्त मार्गों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इसे प्राथमिकता देकर शीघ्र क्रियान्वित के लिए स्वीकृति प्रदान करेगी ?

**कृषि और सिंचाई मन्त्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला)** : (क) बिहार सरकार ने पोकसी जलाशय स्कीम प्रस्तुत की है जिस में 56.12 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर बिहार के गिरिडीह जिले में बेरुनी ब्लाक में 8510 हैक्टेयर खरीफ और 101 हैक्टेयर रबी की सिंचाई की परियोजना की गई है । केन्द्रीय जल आयोग में राज्य सरकार के साथ सलाह करते हुये इस स्कीम की जांच की जा रही है । इस जिले की अन्य जलाशय स्कीमों के प्रस्ताव राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुए हैं ।

(ख) और (ग). सिंचाई राज्य विषय है और सिंचाई परियोजनाओं के आयोजन, अन्वेषण, उन्हें तैयार करने, उन के क्रियान्वयन और उन को प्राथमिकताएं निर्धारित करने का काम राज्य सरकार द्वारा किया जाता है ।

**खाद्य नीति और कृषि विकास कार्यों का अध्ययन करने के लिए अमरीकी दल का दौरा**

1721. **श्री ब्रज भूषण तिवारी** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जेम्स पी॰ ग्रान्ट के नेतृत्व में 15 सदस्यीय एक अमरीकी दल खाद्य नीति एवं कृषि विकास कार्यों पर अध्ययन करने के लिए भारत आया था,

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी तथ्य क्या हैं;

(ग) क्या इस दल द्वारा सौर ऊर्जा एवं कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में दीर्घकालीन अमरीकी सहायक परियोजना आरम्भ करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला)** : (क) से (घ). अमरीका के समुद्रपार विकास परिषद् (एक गैर-सरकारी संगठन ) का प्रतिनिधित्व करने वाले श्री जेम्स॰ पी॰ ग्रान्ट ने जून, 1977 में भारत का दौरा किया और आर्थिक विकास के विभिन्न पहलुओं आदि सामान्य विषयों पर विचार-विमर्श किया । तथापि अमरीकी सरकार की ओर से उन की सहायता देने की पेशकश का प्रश्न ही नहीं होता ।

**Costlier Education**

1722. SHRI BALASHEB VIKHE PATIL Will the Minister of EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE be pleased to state:

(a) the reasons why education is becoming costlier day by day; and

(b) what steps Government propose to check this?

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE